# यहां प्राचीन साइकिल से एयरक्राफ्ट तक

## मुख्यमंत्री ने किया हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम का उद्घाटन

गुड़गांव, 7 दिसंबर (हप्र)।

बिलासपुर तावडू रोड पर स्थापित किए गए हैरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम में प्राचीन ट्रांसपोर्ट संसाधनों की पूरी झलक मिलेगी। इस म्यूजियम का उद्घाटन शनिवार को सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किया। उन्होंने कहा कि भविष्य की पीढ़ियों को शिक्षा देने के लिए इस तरह के म्यूजियम बेहद जरूरी हैं।

सीएम ने संग्रहालय में प्रदर्शित प्राचीन समय के दुर्लभ परिवहन साधनों को देखा, जिनमें लकड़ी के पहियों वाली बैल गाड़ी, ऊंट गाड़ी, बग्घी, साइकिल, रिक्शा, पुराने स्कूटर, ट्राम का नमूना, रेलगाड़ी, हैलीकाप्टर, एयर क्राफ्ट आदि के नमूने भी शामिल थे। इस मौके पर सीएम ने संग्रहालय के संस्थापक तरुण ठकराल के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बहुत ही कड़ी मेहनत और अनुसंधान के बाद परिवहन साधनों के विकास को दर्शाने वाले इस संग्रहालय का निर्माण किया है। ट्रांसपोर्ट सुविधाओं वाला यह देश का ऐसा पहला संग्रहालय है, जो हरियाणा में स्थापित किया गया है। इस अवसर पर परिवहन मंत्री आफताब अहमद भी मौजूद थे।



गुड़गांव में शनिवार को हैरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम के उद्घाटन अवसर पर एक कार में सवार सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा। -हप्र